भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

<u>अतारांकित प्रश्न संख्या: 2942</u>

<u>बुधवार, 11 मार्च, 2020 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

नए उद्योगों की स्थापना

2942. डॉ. चन्द्र सेन जादौनः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को राज्य सरकार से उद्योगों की स्थापना और प्रोत्साहन हेतु जिले-वार प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) सरकार द्वारा तीन वर्षों से अब तक देश के प्रत्येक राज्य में औद्योगिक इकाई स्थापित करने हेतु क्या कदम उठाए गए है; और

(ग) क्या उक्त उद्योगों के उत्पादन से देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव का कोई आकलन किया जा रहा है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): उद्योगों की स्थापना राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। केंद्र सरकार, देश के विभिन्न भागों में औद्योगिकरण को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर कई पहलें और नीतियां आरंभ करती है। इस मंत्रालय/विभाग में देश में स्थापित उद्योगों के संबंध में कोई सूचना केंद्रीय स्तर पर नहीं रखी जाती है।

*****